## एक नजर में

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह राजपूत ने किया जिला जेल का औचक निरीक्षण



नीमच। मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 22 नवंबर 2025 को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत द्वारा जिला जेल नीमच का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय कैदियों के बैरकों में पहुँचे और वहाँ उपस्थित बंदियों से चर्चा कर उनके खान-पान, प्रकरणों की प्रगति तथा जमानत संबंधी स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय ने मुलाकात कक्ष, महिला बैरक, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष तथा रसोईघर का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने निरुद्ध बंदियों को लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रणाली के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर आपराधिक मामलों के लिए डिफेंस काउंसिल की एक समर्पित टीम कार्यरत है, अत: जिन बंदियों के निजी अधिवक्ता नहीं हैं, वे अपने प्रकरणों की पैरवी डिफेंस काउंसिल के माध्यम से करवा सकते हैं। उन्होंने बंदियों को निर्णय उपरांत समय पर उच्च न्यायालय में अपील दायर करने हेतु भी प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अंकित जैन, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार, जेल अधीक्षक श्री एम.के. चौरसिया एवं जेल स्टाफ उपस्थित रहे।

### पर्यावरण मित्रों ने विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका में किया 2 घंटे श्रमदान



**नीमच।** आओ मिलकर पेड़ लगाए धरती को फिर स्वर्ग बनाएं के उद्देश्य से संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच के सदस्य निरन्तर अभियान चला कर शहर से गांव तक चहुंओर पौधा रोपण कर धरती मां को हरियाली की चादर ओढ़ाने में जुटी हुई है अभियान के तहत संस्था सदस्यों ने शनिवार दिनांक 22 नवंबर को हवाई अड्डा झांझरवाडा मार्ग स्थित विश्व संकल्प पर्यावरण वाटिका परिसर में रोपित 1400 से अधिक विभिन्न प्रजातियों के फलदार छायादार फुलदार ओषधि युक्त पोधो की देखभाल कर पोधो के आसपास निंदाई गुड़ाई कर खरपतवार निकाली गई एवं उन्हें ड्रीप के माध्यम से सिंचित किया गया जहां कहीं पोधा का पानी नहीं मिल रहा वहां की पाइप लाइन सुधार की गई, संस्था सदस्यों द्वारा नियमित रूप से देखभाल एवं कड़ी मेहनत का नतीजा है कि रोपित सभी पोंधे शत प्रतिशत जीवित है, संस्था संरक्षक नवीन अग्रवाल ने बताया कि संस्था द्वारा जो भी पोंधे रोपित किए जाते हैं उनकी पेड़ बनने तक देखभाल एवं सुरक्षा की जाती है यही कारण है कि संस्था द्वारा अब तक 60 हजार से अधिक पोंधे रोपित कर पेड़ बनाने में सफलता प्राप्त की,अभियान में संस्था संरक्षक इंजिनियर नवीन कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष किशोर बागड़ी, निर्मल देव नरेला, आकाश नागर, सोनु नागर आदि ने 2 घंटे श्रमदान कर सहभागिता निभाई उक्त जानकारी संस्था निर्मल देव नरेला ने दी है।

### तारापुर की हस्तकला ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ाया नीमच का मान

नीमच। दिल्ली में आयोजित44वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला 2025 में नीमच जिले की पारंपरिक कला और कौशल ने एक बार फिर राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। नीमच जिले की जावद तहसील के तारापुर गांव के मेसर्स बालाजी डाइंग, प्रो. उमेश मरकरा द्वारा निर्मित हैण्ड ब्लॉक (हस्त निर्मित) प्रिंटिंग उत्पादों ने मेले में खास आकर्षण बटोरा। उनकी नांदना प्रिंट एवं हैण्ड ब्लॉक प्रिंट की विविध डिजाइनों को देश-विदेश से आए आगंतुकों ने सराहा। तारापुर गांव लंबे समय से नांदना एवं हैण्ड ब्लॉक प्रिंट में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। यहां तैयार होने वाली मांडणा आर्ट (नांदना प्रिंट) की कलाकृतियाँ भी मेले का मुख्य केंद्र रहीं। उमेश मरकरा वर्षों से बालाजी डाइंग के नाम से हैण्ड ब्लॉक प्रिंट व बांधनी की साड़ियाँ एवं सलवार सूट तैयार कर स्थानीय कला को व्यापक मंच दे रहे हैं। मेले में इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के एमएसएमई मंत्री श्री चैतन्य काश्यप और नीमच-मंदसौर क्षेत्र के सांसदश्री सुधीर गुप्ता भी मौजूद रहे। उन्होंने तारापुर की पारंपरिक कला को मिली सराहना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह क्षेत्रीय कारीगरों के लिए गर्व का क्षण है। उमेश मरकरा द्वारा प्रदर्शित कला और उत्पाद न केवल नीमच जिले की पहचान को मजबूत कर रहे हैं, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्थानीय हुनर को नई दिशा भी दे रहे हैं।

### विशाल आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा शिविर आज से

नीमच। महर्षि प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र नीमच द्वारा शहर वासियों की सेवा करने के उद्देश्य से प्राकृतिक सुजोक, एक्यूप्रेशर एवं आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर एवं विशाल प्राकृतिक एक्यूप्रेशर , सुजोक चिकित्सा शिविर का आयोजन आज 23 नवम्बर से 2 दिसम्बर तक सुबह 8 से दोप. 12 बजे तक एवं दोप. 3 से सायं 7 बजे तक , स्थान - मूलचंद मार्ग गार्डन स्कूल के सामने नीमच पर किया जाएगा।केंद्र के संचालक थैरेपिस्ट प्रमोद कुमावत व थैरेपिस्ट खेतपाल आलडिया ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा विगत कई वर्षो से नीमच में यह शिविर लगाया जा रहा है, जिसका पूरा-पूरा लाभ शहर वासियों को मिल रहा है। निरंतर जारी आयोजन की कड़ी में आयोजित इस शिविर में सर्वाईकल, माइग्रेन, पीठ, पसलियों और घुटनों का दर्द, हाथों में कम्पन, थायरायड सहित कई बीमारियों के उपचार के साथ ही समस्त प्राकृतिक चिकित्सा की विधाओं का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। शिविर में इलाज विधि एक्यूप्रेशर, सुजोक थैरेपी, वैक्यूम थैरेपी, चुम्बकीय थैरेपी, योग साधना व विदेशी मशीनो द्वारा उपचार किया जा रहा है। शिविर में पूर्व रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रखा गया है।

### अन्नपूर्णा सेवा न्यास के एक्यूप्रेशर-सुजोक शिविर का सफल समापन, विधायक परिहार ने किया डॉक्टर का सम्मान

नीमच। क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में कार्यरत अन्नपूर्णा सेवा न्यास द्वारा आयोजित 20 दिवसीय एक्यूप्रेशर एवं सुजोक चिकित्सा शिविर शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## संगठनात्मक दृष्टि से मंदसौर संभाग प्रभारी सुरेश आर्य का आज होगा जिला मंदसौर में प्रवास

**मंदसौर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, संगठन महामंत्री हितानन्द शर्मा के निर्देशानुसार आज दिनांक 23.11.2025 को मंदसौर जिले में एसआईआर एवं अन्य संगठनात्मक विषयों को लेकर भाजपा के गरोठ, सीतामऊ, मंदसौर और मल्हारगढ़ विधानसभा के सम्मेलन सम्पन्न होंगे। चारों विधानसभा सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा संगठनात्मक दृष्टि से नवगठित मंदसौर संभाग के प्रभारी सुरेश आर्य उपस्थित रहेंगे।**



उक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बताया कि चारों विधानसभाओं के सम्मेलन में क्षेत्रिय जनप्रतिनिधि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा , सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त बाबूलाल बंजारा, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, गरोठ विधायक चंदरसिंह सिसौदिया, सुवासरा विधायक हरदीपसिंह डंग, पूर्व विधायक सिसौदिया सहीत अन-?य पूर्व विधायकगण, मोर्चा एवं प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, सह संयोजक, प्रदेश कार्यसमिति सदस-?यगण एवं वरिष्?ठ पदाधिकारीगणों कि गरीमामय उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम रूपरेखा अनुसार सितामऊ एवं गरोठ विधानसभा का सम्मेलन शामगढ़ में प्रात 11 बजे सम्पन्न होगा इसी प्रकार मंदसौर विधानसभा एवं मल्हारगढ़ विधानसभा का सम्मेलन जिला मुख्यालय मंदसौर स्थित कुशाभाउ ठाकरे ऑडिटोरियम में दोप. 3 बजे सम्पन्न होगा। चारों विधानसभाओं के सम्मेलन में सभी श्रेणी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्ताओं को सूचना दे दी गई है। अत: सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अपनी अपनी विधानसभा के सम्मेलनों में उपस्थिति को अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करे।

## सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल माल्याखेरखेड़ा में आयोजित हुआ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

**मन्दसौर। 22 नवम्बर, शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल माल्याखेरखेड़ा सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर डिगांव सेक्टर श्रीमती सरिता प्रजापत, सांदीपनी स्कूल गुर्जरबर्डिया शिक्षिका श्रीमती देवकन्या आंजना उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोनाबाई आंजना ने दी।**



सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथि परिचय विद्यालय के दीदी श्रीमती शेरा मोड़ द्वारा किया गया।अतिथि स्वागत विद्यालय के दीदी श्रीमती मंजू कोठारी एवं श्रीमती प्रेमलता मावर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना विद्यालय के दीदी श्रीमती अनिता बैरागी द्वारा प्रस्तुत की गई। मुख्य वक्ता श्रीमती प्रजापत व श्रीमती आंजना द्वारा कुटुंब प्रबोधन एवं भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका के विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उसके बाद विद्यालय द्वारा समाज की प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। इस दौरान उपस्थित नारी शक्ति द्वारा सामूहिक संकल्प किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रमुख श्री महेश विश्वकर्मा, विद्यालय प्राचार्य श्री करूलाल प्रजापत की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के समस्त आचार्य एवं दीदी परिवार का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती शेरा मोड़ द्वारा किया गया व अंत में आभार श्रीमती मंजू कोठारी दीदी द्वारा व्यक्त किया गया।



## कंजर डेरों पर पुलिस की संयुक्त दबिश हवाई फायरिंग के बाद कार्रवाई तेज

**सीतामऊ। सुवासरा थाना क्षेत्र के बसई गांव में बीती रात ट्रैक्टर चोरी के प्रयास और बदमाशों द्वारा हवाई फायरिंग की घटना के बाद शनिवार शाम सीतामऊ, सुवासरा और शामगढ़ थानों की संयुक्त टीम ने कंजर डेरों पर योजनाबद्ध दबिश दी। कार्रवाई का नेतृत्व एसडीओपी दिनेश प्रजापति ने किया। तीनों थानों के थाना प्रभारियों तथा पुलिस बल ने मोटरसाइकिलों से जंगल क्षेत्रों में पहुँचकर कंजर ढेरों की घेराबंदी की।**

ड्रोन कैमरे की मदद से पुलिस ने भागने की कोशिश करने वाले संदिग्धों पर भी नजर रखी। करीब एक घंटे तक चले इस ऑपरेशन में कई स्थानों की तलाशी ली गई। चंबल किनारे इस तरह की चोरी, लूट और वाहन चोरी की वारदातों में कंजर गिरोह पर पहले भी संदेह जताया जाता रहा है।

पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर रोक और बदमाशों पर दबाव बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## मप्र को समृद्धशालीव विकसित राज्य बनाने लिखा पत्र

**मन्दसौर। जय भारत मंच के प्रांतीय महामंत्री कमल कोठारी ने प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा को आगामी 2026-27 के बजट हेतु राज्य के विकास एवं विकसित भारत के सपने को पूरा करने को लेकर विभिन्न विषयो पर अपने सुझाव प्रेषित किये गए है।**

श्री कोठारी ने सुझाव देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में कृषि को लाभ का धंधा बनाने हेतु क़ृषि यंत्रों पर विशेष सब्सिडी प्रदान कर एवं क़ृषि आधारित वस्तुओ को कर मुक्त कर क़ृषि को लाभ का धंधा बनाया जा सकता है। क़ृषि की पैदावार को बढ़ावा देने हेतु नहर नदी जोड़ो अभियान को लागु करना होगा। बिजली की पर्याप्त उपलब्धता हो इसके लिए हर खेत मे सोलर प्लांट स्थापित कर बिजली की कमी को दूर किया जा सकता है। आपने कहा कि प्रत्येक खेत मे सोलर प्लांट लगाने पर विशेष सब्सिडी का प्रावधान सरकार अपने बजट में स्वीकृत करें ताकि पानी बिजली की निर्बाध रूप से उपलब्धता होने से उन्नत खेती होने से किसान अधिक समृद्धशाली होगा। वहीं सरकार पर भी ऊर्जा का दबाव कम होगा तथा किसान भी भारी भरकम बिजली के बिलों से मुक्त होंगे।

> आपने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले छात्रों को मुफ्त शिक्षा योजना लागू कर आत्मनिर्भर भारत बनाने के संकल्प को सिद्ध करना होगा। औद्योगिक इकाई को अधिक बूस्ट करने हेतु पेपरलेस कार्यवाही कर सिंगल विंडो परमिशन लागू करे। लोकल फॉर वोकल के नारे को बुलंद करने हेतु स्वदेशी उत्पाद को 5 साल तक कर की श्रेणी से मुक्त रखा जाए ऋण की उपलब्धता सुगम हो । पर्यटन को बढ़ावा मिले इसके लिए सरकार विकसित पार्क जोन बना कर लीज पर देने का बजट मे प्रावधान करे शासकीय जमीन जो बंजर है उपजाऊ नहीं है उन्हें 10 साल के लीज रेंट पर बजट मे प्रावधान करने से वित्त आर्थिक राजस्व मे इजाफा होने होगा।प्रदेश के वित्त मंत्री श्री देवड़ा को कमल कोठारी ने पत्र भेज कर मांग की है की 2047 तक विकसित भारत के अभियान को इकोनॉमिक को अधिक मजबूती से जल, जंगल, जमीन, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ, औद्योगिक इकाइयों, व्यवसायिक गतिविधियों पर पारदर्शिता से कार्य करना होगा। सरकारी नीतियों का सरलीकरण करना होगा ताकि अधिक से अधिक रोजगार विकास के अधिक से अधिक सर्जन को स्पर्श करने में हमारा प्रदेश अधिक समृद्धशाली और विकसित राज्य बन सके।

श्री कोठारी ने कहा कि औषधीय फसलों इसबगोल, अजवाइन, सुवा, मेथी, कलौजी पर विशेष अनुदान देकर राज्य सरकार को इन फसलों को बढ़ावा देना चाहिए। इसबगोल का सबसे अधिक उत्पादन नीमच मंदसौर जिले मे होता है यहां फ़ूड प्रोसेसिंग पार्क स्थापित कर ओषधीय फसलो का सयंत्र स्थापित कर विशेष अनुदान राशि बजट मे प्रस्तावित करे। खेती को उद्योग का दर्जा मिले इस और प्रयास करने से किसनो को उनकी लागत का उचित मूल्य मिल सकेगा। मध्यप्रदेश की 72 प्रतिशत आबादी क़ृषि पर आधारित है हर जिले मे एक प्रोद्योगिक सेंटर स्थापित हो ताकि आई टी के क्षेत्र मे हम अन्य प्रदेश की तुलना मे शिक्षण संस्थानों को अधिक बूस्ट कर शिक्षा के क्षेत्र मे अधिक प्रगति कर राज्य को शिक्षित प्रदेश बनाने की पहल को मजबूत कर सकते है।

## 8 साल पुराने एनडीपीएस एक्ट प्रकरण के 2 वारंटी गिरफ्तार

**नीमच।** पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल के द्वारा वारंटीयों एंव आरोपीगण की गिरफ्तारी कर प्रकरणों के निराकरण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था, जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री नवलसिंह सिसोदिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री किरण चौहान के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी बघाना श्री नीलेश अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस टीम बघाना द्वारा मुखबीर सूचना व तकनीकी सहायता के आधार पर 8 वर्ष पुराने एनडीपीएस एक्ट प्रकरण के 2 स्थाई वारंटी जिसमें से एक थाना बघाना के रंगदारी अपराध में फरार था जिनको गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।



गिरफ्तार वारंटी एवं आरोपी का विवरण :- माननीय एनडीपीएस एक्ट न्यायालय जावद के एसटी क्रमांक 27/2017 व थाना जावद के अपराध क्रमांक 342/2016 धारा 8/15,29 एनडीपीएस एक्ट के स्थाई वारण्टी

01-विक्रमसिंह पिता लालसिंह सौधिया राजपूत निवासी ग्राम खेरमालिया थाना बघाना 02-बन्टी उर्फ रविन्द्रसिंह पिता लालसिंह सौधिया राजपूत निवासी ग्राम खेरमालिया

थाना बघाना के अपराध कमांक 325/2025 धारा 115 (2), 296,351 (2), 324(2),3 (5) बीएनएस एवं 326/2025 धारा 115(2), 296,351 (2),119(1), 3(5) बीएनएस के फरार आरोपी 01-विक्रमसिंह पिता लालसिंह सौधिया राजपूत निवासी ग्राम खेरमालिया थाना बघाना सराहनीय भुमिका - निरीक्षक नीलेश अवस्थी, उनि रामकिशन सिंगावत, प्रधान आरक्षक दिलीप जाट, आरक्षक ओमप्रकाश पारगी, आरक्षक, राहुल डाबी व आरक्षक 433 पंकज पाटीदार, महिला आरक्षक 612 पूजा मालवीय का सराहनीय योगदान रहा।

## कलेक्टर ने बीएलओ को घर-घर सर्वे कर, अपलोड करने के निर्देश दिए

**नीमच। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा ने शनिवार को नीमच शहर के कुम्हारा गली, एकता कॉलोनी, इंदिरा नगर, ग्वालटोली, यादव मंडी, नीमच सिटी में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य के तहत बीएलओ एवं सहयोगी कर्मचारियों द्वारा घर-घर सर्वे कर मतदाताओं को गणना फार्म वितरण, भरे हुए गणना फॉर्म संग्रहित करने और मतदाताओं के ईम्युरेशन फॉर्म कोबीएलओ एप पर डीजिलाइट करने के कार्य की प्रगति का जायजा लिया।**



उन्होंने सभी बीएलओ और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे सभी मतदाताओं को गणना फॉर्म का वितरण कर, भरे हुए फॉर्म तेजी से संग्रहित करें और भरे हुए सभी फार्मो को 26 नवंबर के पूर्व बीएलओ एप पर डीजिटलाईजेशन का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा, कि बीएलओ के सहयोग के लिए पटवारी ग्राम प्रभारी वार्ड प्रभारी पंचायत सचिव ग्राम रोजगार सहायक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वअन्य कर्मचारियों को सहयोग के लिए लगाया गया है। एसआईआर के कार्य में उनका भी सहयोग ले। साथ ही जिन बीएलओ द्वारा अपना कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उनका भी सहयोग लिया जा सकता है।

इस निरीक्षण के दौरान एसडीएम नीमच श्री संजीव साहू, तहसीलदार नीमच नगर श्री संजय मालवीय सहित एसआईआर के कार्य में लगाए गए कर्मचारी उपस्थित थे। इस निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मतदाताओं से चर्चा कर, उन्हें ईम्युरेशन फॉर्म भरने में होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली और फॉर्म भरने के कार्य में बीएलओ का सहयोग प्राप्त करने की समझाईश दी।

**एक नजर** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार 30 नवंबर तक चलाया जा रहा विशेष अभियान

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत स्कूलों एवं कॉलेजों में बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन

नीमच। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में दिनांक 01 नवम्बर से 30 नवम्बर 2025 तक 'ऑपरेशन मुस्कान' विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य अपहृत एवं गुमशुदा बालक-बालिकाओं की तलाश के साथ-साथ बाल सुरक्षा, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध और जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का संचालन करना है।



जिला नीमच में पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा जिलें के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रों में स्थित स्कुलों एवं कालेजों में 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्रों को गुड टच-बैड टच की पहचान, महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा आपातकालीन सेवाओं की जानकारी (डायल 112, महिला हेल्पलाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन 1930) से संबंधित जानकारी दिये जाने संबंधी निर्देश दिये गये है।

'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत नीमच पुलिस थाना नीमच केंट अन्तर्गत पुलिस द्वारा ज्ञानोदय इन्टरनेशनल स्कुल कनावटी नीमच, पुलिस थाना बघाना अन्तर्गत पी.एम.श्री शासकीय कन्या विघालय बघाना, पुलिस थाना जावद स्थित सीएम राईस स्कुल चौकी सरवानिया महाराज, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विघालय जावद, ओसियन स्कुल सरवानिया महाराज, पुलिस थाना रतनगढ स्थित एमराल्ड ऐकेडमी चौकी डीकेन, सुप्रीम विघालय रतनगढ़, शासकीय हाई स्कुल रामपुरा में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच की पहचान, महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध एवं ऑनलाइन ठगी से बचाव, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा आपातकालीन सेवाओं (डायल 112, महिला हेल्पलाइन 1090, साइबर हेल्पलाइन 1930) एवं यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी जाकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। साथ ही पुलिस टीम द्वारा किसी भी प्रकार की अनुचित घटना या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस, परिजनों या शिक्षकों को देने संबंधी समझाईश दी गई।